# दिनांक 25-03-2025 को साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

MORNING INDIA NEWS 24/7
हमेशा सच के साथ

मॉर्निंग इंडिया न्यूज़
निष्पक्ष ख़बर-न काहू से दोस्ती न काहू से बैर

हमेशा सच के साथ | UP-23-0008576

Thursday 27th March 2025 | morningindianews289@gmail.com | website: https://morningindianews.live/

## साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम की कार्यशाला का आयोजन किया गया

### उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वधान मे कार्यक्रम हुआ सम्पन्न






कार्यशाला कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

MIN SUB EDITOR SWATI SINGH

मॉर्निंग इंडिया न्यूज़:-दीपक शर्मा संवाददाता बकेवर इटावा /बकेवर जनता कॉलेज बकेवर इटावा में एनसीसी एनएसएस कॉलेज इकाई तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में आज साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन कर बैज अलंकृत कर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस के उप निरीक्षक महेश पाठक, बृजेश गोला और संदीप सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम शाखा द्वारा साइबर क्राइम के होने के कारण और उससे निवारण पर विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया, जिसमें उन्होंने वर्तमान में साइबर क्राइम के प्रकारों जिसमें डिजिटल अरेस्ट,डीपफेक वीडियो,पोड स्टार,जंप ट्रांजैक्शन आदि को उन्होंने बताया कि किसी भी स्थिति में बचने का मुख्य तीन उपाय करना है।पहले रुको फिर सोचो तब कार्यवाही करो।फिर भी यदि आपको लगता है कि आपके साथ साइबर क्राइम हो गया तो तत्काल 1930 टोल फ्री नंबर पर या cybercrime.gov.in पर संपर्क करो।उन्होंने यह भी बताया गया कि किसी की फेक आईडी को बनाना भी क्राइम की श्रेणी में आता है कोई भी ठग आपके डाटा को चुरा ना ले इसके लिए आपको अपनी प्रोफाइल को प्राइवेट या लॉक रखना है, पासवर्डों को मजबूत बनाना है और टू स्टेप वेरीफिकेशन को चालू रखकर अपने डेटा को सुरक्षित रखा जा सकता है। हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार ने साइबर क्राइम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ मनोज यादव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इटावा पुलिस का महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया।। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ गोपीनाथ मौर्य ने किया। इस मौके पर सुन्दरम सिंह चौहान, कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एमपी यादव, डॉ ए के पांडेय, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ एमपी सिंह, डॉ संजीव कुमार, एन सी सी के अधिकारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ आनंद सिंह, कार्यालय अधीक्षक शिवमोहन अग्निहोत्री, पवन सक्सेना,अनिल कुमार, जयबीर सिंह सहित 175 छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।।

# साइबर ठगी से बचने के लिए आईडी रखें लॉक, बनाएं मजबूत पासवर्ड

## पुलिस कार्यशाला में छात्रों को साइबर ठगी से बचने का तरीका बताया

संवाद न्यूज एजेंसी



कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार। संवाद

**बकेवर।** जनता कॉलेज में बुधवार को पुलिस ने कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार ने साइबर क्राइम से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए आईडी को लॉक रखें और मजबूत पासवर्ड बनाएं।

सीसीटीएनएस के हेड कांस्टेबल ने बताया कि वर्तमान में डिजिटल अरेस्ट, डीपफेक वीडियो, पोड स्टार, जंप ट्रांजेक्शन जैसे तरीके साइबर ठग अपना रहे हैं। किसी भी स्थिति में बचने के लिए मुख्य तीन उपाय करने चाहिए। पहले रुको, फिर सोचो तब कार्रवाई करो।

फिर भी यदि लगता है कि आपके साथ साइबर क्राइम हो गया तो तत्काल 1930 टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि किसी की फेक आईडी को बनाना भी क्राइम की श्रेणी में आता है। कोई भी ठग अपका डाटा चुरा न ले इसके लिए अपनी प्रोफाइल को प्राइवेट या लॉक रखना चाहिए। टू स्टेप वेरिफिकेशन को चालू रखकर डेटा को भी सुरक्षित रखा जा सकता है।

कार्यक्रम में एसआई महेश पाठक, बृजेश गोला, संदीप सिंह, डॉ मनोज यादव, डॉ गोपीनाथ मौर्य, सुंदरम सिंह चौहान, प्राध्यापक डॉ. एमपी यादव, डॉ. एके पांडेय मौजूद रहे।

---

पल्लव दुबे ने कहा कि हमने अपने अमित अग्निहोत्री, आसिफ जादरान, कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# जनता कालेज बकेवर में एन सी सी व एन एस एस कालेज इकाई व पुलिस की साइबर क्राइम जागरुकता कार्यशाला का आयोजन हुआ।

**(माधव संदेश) बकेवर।** जनता कॉलेज में एनसीसी एनएसएस कॉलेज इकाई तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में आज साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उप निरीक्षक महेश पाठक, बृजेश गोला और संदीप सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम शाखा द्वारा साइबर क्राइम के होने के कारण और उससे निवारण पर विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया, जिसमें उन्होंने वर्तमान में साइबर क्राइम के प्रकारों जिसमें डिजिटल अरेस्ट, डीपफेक वीडियो, पोड स्टार, जंप ट्रांजैक्शन आदि को उन्होंने बताया कि किसी भी स्थिति में बचने का मुख्य तीन उपाय करना है। पहले रुको फिर सोचो तब कार्यवाही करो। फिर भी यदि आपको लगता है कि आपके साथ साइबर क्राइम हो गया तो तत्काल 1930 टोल फ्री नंबर पर संपर्क करो। उन्होंने यह भी बताया गया कि किसी की फेक आईडी को बनाना भी क्राइम की श्रेणी में आता है कोई भी ठग आपका डाटा को चुरा ना ले इसके लिए आपको अपनी प्रोफाइल को प्राइवेट या लॉक रखना है, पासवर्डों को मजबूत बनाना है और टू स्टेप वेरीफिकेशन को चालू रखकर अपने डेटा को सुरक्षित रखा जा सकता है। हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार ने साइबर क्राइम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।

## अचानक गर्मी बढने व हवाएं चलने से किसान व आमजनमानस के माथे पर चिन्ता की लकीरें।

**बकेवर।** मौसम के बदलने के साथ अब गर्मी ने दस्तक देनी शुरु कर दी बुधवार को दोपहर में गर्म हवाओं के चलने से लोग बेचैन नजर आये। वहीं सरसों की फसल पकने के साथ अब कटाई का काम किसान करने में जुटे हुए हैं। वहीं आलू की खुदाई भी आलू किसान कराने में तेजी से जुटे हुए हैं। मौसम में अचानक आये बदलाव के चलते अब गर्मी ने तेज हवाओं के दस्तक देनी शुरु कर दी है। इसके चलते लोगों को अब कूलर,पंखा,एसी की याद सताने लगी है। वहीं किसानों की खेतों में खडी पकी सरसों,आलू की फसल को तैयार करने में लगे हुए हैं। इसके अलावा किसानों की गैहू,बेझर की फसल भी पकने लगी है। इस हवा को लेकर किसान चौकन्ना है। क्योंकि कुछ खेतों के ऊपर बिजली आपूर्ति की लाइनें भी निकली हैं। तो आग न लगने के कारण विजली को तेज हवा चलने पर काटने के शासन के स्पष्ट निर्देश भी हैं। फिर भी किसान को जब तक फसल घर तक न पहुंच जाये चिन्ता लगी हुई है।